## सार-समाचार

### नीलगाय की टक्कर से एक की मौत

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर के एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में कार्यरत्त कर्मचारी की सोमवार शाम को सडक दुर्घटना में मौत होने के बाद मंगलवार सुबह परिजनों व ग्रामीणों द्वारा बैंक के बाहर हंगामा किया गया है। जिसके बाद परिजनों व बैंक के बीच परिवार को बीमा राशि के साथ सहायता राशि देने की सहमति पर मामला शांत हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय राजपुत करणी सेना युवा जिलाध्यक्ष अर्जुनसिंह चुण्डावत एवं युवा टीम ने भी मुआवजा दिलवाने में उपस्थित रही। देर शाम को भीण्डर लौटते समय हुआ हादसा कानोड के अचलाना गांव निवासी तेजसिंह पिता भेरूसिंह सांरगदेवोत (22) पिछले करीब 2 वर्ष से भीण्डर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में कार्यरत्त था। सोमवार को रिकवरी को लेकर फिल्ड में गया हुआ था, वहां से भीण्डर लौटते समय भीण्डर-उदयपुर मार्ग पर गोपालपुरा रेलवे पुलिया के बाहर अचानक नीलगाय आ जाने से बाइक की टक्कर होकर मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच करके शव को भीण्डर हॉस्पिटल मोर्चरी में रखवाया। सोमवार की घटना के बाद मंगलवार सुबह 10 बजे मृतक के परिजन व ग्रामीण बैंक के बाहर एकत्रित होकर हंगामा करने लगे। जिस पर भीण्डर पुलिस ने मौके पर पहुंच करके स्थिति संभाली। इसके बाद परिजनों व बैंक अधिकारियों के बीच मुआवजा को लेकर बात चली। जिस पर बैंक द्वारा कर्मचारियों के करवाएं गये बीमा से मिलने वाली राशि सहित 20 लाख रूपये 2 माह में देने पर सहमति मिलने के बाद हंगामा खत्म किया। इसके बाद पोस्टमार्टम करवा करके गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

### कुत्ते के हमले में बच्ची घायल

**डूंगरपुर,** (निसं)। दामडी गांव में मंगलवार देर शाम को घर के आंगन में खेल रही 6 साल की बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर किया घायल। घायल बच्ची को 108 की मदद से डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी अनुसार दामडी गांव निवासी पवन त्रिवेदी की 6 साल की बच्ची लवण्या अपने घर के आंगन में खेल रही है। इस दौरान अचानक एक कुत्ते बच्ची पर हमला कर मुंह के पास काट कर लहूलुहान कर दिया। बच्चे की चिल्लाने की अवाज सुन कर घर में मौजूद दादी नीमा बाहर आई तथा बच्ची को कुत्ते से बचाया। घटना के दौरान बच्ची मां पूजा बस स्टैंड पर स्थित होटल पर पति से मिलने गई थी। सूचना मिलने पर मौके पर पति पत्नी दोनों घर पर पहुंचे तथा इसकी सूचना दामडी लोकेशन 108 की सूचना दी। सूचना पर मौके पर ईएमटी दिलीप मीणा व पायलट दिनेश रोत मौके पर पहुंचे तथा घायल बच्ची को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसका इलाज जारी है।

### बाइक ने महिला को मारी टक्कर

**डूंगरपुर,** (निसं)। हडमतिया गांव में मंगलवार देर शाम को सड़क पार कर रही महिला बाइक ने मारी टक्कर, हादसे में महिला और बाइक सवार दोनो हुए घायल। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी। जानकारी अनुसार जोधुपर हाल निवासी लाल राम पुत्र लक्ष्मण राव बटीकडा गांव से हडमतिया गांव की ओर जा रहा था। इस दौरान बटिकडा निवासी इंद्र देवी पत्नी सोहनलाल ननोमा अचानक सड़क पर आ गई। जिससे बाइक सवार व्यक्ति महिला से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक सवार लालाराम राव भी बाइक समेत नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 पायलट दिनेश रोत और ईएमटी दिलीप मीणा मौके पर पहुंचे तथा घायलों को 108 की मदद से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

### कार्यशाला का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में वीआईवीएफटी कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारतीय संविधान की महत्ता और उसकी विशेषताओं के बारे में विद्यार्थियों को विशेषज्ञ प्रो. के. के. त्रिवेदी ने व्याख्यान दिया। संघ चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने बताया कि 'भारतीय संविधान और उसके महत्व पर चर्चा' विषयक सेमिनार में डायरेक्टर डॉ. रिमझिम गुप्ता और प्रिंसीपल विप्रा सुखवाल ने संविधान के उद्देश्यों , महत्व पर प्रकाश डाला। साईं तिरूपति विवि के प्रेसिडेंट प्रो. प्रशान्त नाहर ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर विचार प्रस्तुत करते हुए छात्रों को संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, और नागरिकों के अधिकारों की जानकारी दी। सेमिनार में जर्नादन राय नागर विवि के डिपार्टमेंट ऑफ लॉ के प्रो. के. के. त्रिवेदी ने बताया कि भारतीय संविधान न केवल हमारे देश के लोकतंत्र को मजबूत करता है, बल्कि यह समाज में समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का संदेश भी देता है। संविधान के माध्यम से हम अपने अधिकारों की रक्षा करने के साथअपने कर्तव्यों का भी पालन करते हैं। अंत में विद्यार्थियों ने संविधान की पालना की शपथ ली।

### खेल महोत्सव का आयोजन

**राजसमंद**, (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती नान्दोली गांव में आयोजित तीन दिवसीय तेजाजी महाराज के खेल महोत्सव में दूसरे दिन भव्य आयोजन हुआ। आरएनजी ग्रुप के गगन शर्मा ने बताया कि चामुंडा माताजी के मंदिर पर शिव सवारियां कीर्तन मंडल की ओर से आयोजित खेल में सोहन पूर्बिया ने गजानंद संवरे का किरदार निभाया। इसके अलावा तेजाजी कैलाश पूर्बिया, साथीडा रघुनंदन पूर्बिया, गुजरी दुर्गेश, रानी पप्पुलाल, वाषकराज हरीश पूर्बिया, पंडितजी योगेश पूर्बिया, सत्यनारायण पूर्बिया, घनश्याम पूर्बिया, राजु पूर्बिया, देशबंधु, नवीन, पवन, साहिल पूर्बिया ने भी खेल में अपनी भागीदारी निभाई। दूसरे दिन के मुख्य किरदार तेजाजी महाराज कैलाश पूर्बिया और वाषकराज हरीश पूर्बिया रहे। इस खेल में दर्शाया गया कि कैसे तेजाजी अपने ससुराल जाते समय रास्ते में जलती आग से वाषकराज को बचाते हैं। वाषकराज को इससे गुस्सा आ जाता है क्योंकि वह संपन्न योनि से मोक्ष पाकर स्वर्ग जा रहा था। इससे पहले के दो जन्मों में भी तेजाजी महाराज ने वाषकराज की मणि पर मदिरा गिराई थी और वाषकराज की पुन्च को गॉडे के पांव से खंडित किया था। इस कारण वाषकराज ने तेजाजी महाराज से बदला लेने का प्रण लिया था।

# एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। साइबर और सदर थाना पुलिस ने ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी करने वाले 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से 13 मोबाईल बरामद किये गये है। इस तरह गिरोह जिले भर में सक्रिय है। और कई युवाओ को आये दिन अपना शिकार बनाते है। यदि उनके निजी मकानों पर कार्यवाही की जाये तो वहा पर भी चौकाने वाले तथ्य सामने आयेगे कि आखिरकार उन्होने करोडों रूपयों की सम्पत्ति अर्जित की है।



एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगने वाले 6 आरोपियों को दबोचा।

■ एक दर्जन से अधिक मोबाईल जब्त,जिले भर में फैला हुआ है नेटवर्क

साइबर और सदर थाना पुलिस ने ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी करने वाले 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। लडकियों के फोटो दिखाकर आरोपी ऑनलाइन ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने मनपुर ओर खेडा के बीच एक बंद दुकान पर दबिश देकर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। वहींए फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

डीएसपी तपेंद्र कुमार ने बताया कि ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर लोगों से ठगी करने वाली गैंग को पकडा है। मुखबिर के जरिए सूचना मिली की सदर थाना क्षेत्र में खेडा से मनपुर के बीच में कुछ युवक लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। इस पर साइबर थाने के हेड कॉन्स्टेबल मदनलाल, हेमेंद्रसिंह,भव्यराजसिंह, महावीर, अभिषेक, मगनलाल, हिमांशु, सदर थाना प्रभारी भवानी शंकर, एएसआई शंकरलाल टीम के साथ मनपुर के पास पहुंचे। एक दुकान के पास 1० से 11 युवक बैठे हुए थे। सबके पास मोबाइल थे। पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगे। जिस पर पुलिस ने घेरा डालकर 6 बदमाशों को पकड लिया,लेकिन 5 बदमाश भाग गए। पुलिस ने उनके नाम पूछे। जिस पर हितेश पुत्र नाथू पाटीदार निवासी सकानी, ईश्वर पुत्र कचरू पाटीदार निवासी सकानी,वेलजी पुत्र खेमजी पाटीदार निवासी कांठडी, तेजेंग पुत्र मणिलाल पाटीदार निवासी पारडा जानी,चेतन पुत्र डायालाल पाटीदार निवासी बोडीगामा,जितेंद्र पुत्र गांगजी पाटीदार निवासी पारडा जानी बताया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि आरोपियों के पास में 13 मोबाइल मिले हैं। जिसमें एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर कई ऐप मिले। साथ ही मनी ट्रांसफर ऐप ओर अन्य सोशल मीडिया ऐप थे। इसके माध्यम से युवक लोगों को लडकियां दिखाकर एस्कॉर्ट सर्विस का झांसा देते थे। झांसे में आने वाले व्यक्ति से होटल में लडकी उपलब्ध करवाने के नाम पर उससे ऑनलाइन लाखों रुपए की ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों ने एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी की वारदात को कबूल कर लिया। उन पास से फर्जी सीम, मोबाइल बरामद लिए हैं। जिस पर पुलिस जांच कर रही है। वहींए आरोपियों ने अब तक कितने लोगों से कितने रुपयों की ठगी की है। इसकी पडताल की जा रही है।

# लाखों की नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। निवेश के नाम पर पीडित से लाखों रूपये हडपनें वाले सोसायटी अध्यक्ष सहित अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसर पीडित भगवतसिंह हाड़ा पुत्र रघुनाथसिंह निवासी हिरणमगरी सैक्टर 14 ने इण्डियाना कॉऑपरेटिव सोसायटी के केन्द्रीय कार्यालय अपेक्षा अपार्टमेंट सेक्टर 11 के अध्यक्ष त्रिमूर्ति अपार्टमेन्ट हॉल गोविन्दम धाम कॉलोनी जोटावाड़ा जयपुर निवासी सन्तोष तनेजा, सोसायटरी सचिव सीमा भटनागर निवासी आशुतोष पुरम हिरणमगरी सेक्टर 14, के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपियों ने वर्ष 2019 में संपर्क कर मुझे अपनी सोसायटी में निवेश करने वाली विभिन्न जानाकरी दी।

## महिला कुएं में डूबी

**उदयपुर,** (कासं)। पानी पीने के दौरान कुए में गिरने से डूबने से महिला की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोगुन्दा थाना क्षेत्र नाल का वाड़ा छाली निवासी कंकूडी बाई (66) पत्नी धन्नाराम गमेती की कुए में डूबने से मौत हो गई। कंकूछी दो दिन पूर्व खेत पर काम कर रही थी।

# संविधान से ही होगी विकसित भारत की संकल्पना साकार : प्रो ठाकुर

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिले के विभिन्न महाविद्यालयों, विद्यालयों, विभिन्न संगठनों एवं न्यायिक विभाग की ओर से संविधान दिवस पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी व शपथ के कार्यक्रम हुए। गोविन्द गुरु जनजाति विश्वविद्यालय, भारतीय विद्या मंदिर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय और डॉ नागेन्द्र सिंह विधि महाविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में भारतीय संविधान दिवस और सरदार वल्लभ भाई पटेल जयन्ती पर विचार गोष्ठी हुई।

■ कुलपति प्रो केएस ठाकुर ने संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों को संविधान पालन की शपथ दिलाई

अध्यक्षीय उद्बोधन में जीजीटीयू कुलपति प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे पुरोधाओं ने सदियों के संघर्षो से न केवल विदेशी पराधीनतता से मुक्ति दिलाई अपितु हमारी समृद्ध और समरस सांस्कृतिक विरासत और विश्व के अनेकानेक स्वाधीन देशों के बेहतरीन लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं को संयुक्त करते हुए विश्व का सबसे बडा, समृद्ध और सर्वलोककल्याणकारी संविधान हमें प्रदान किया। उन्होंने बताया कि संविधान देश के सार्थक संचालन का पुनीत ग्रन्थ है। संविधान के प्रारंभ के शब्द हम भारतीय......हमारी सामूहिकता का ही पोषक और विकासक है संविधान न केवल शासन को दिशा प्रदान करता है अपितु सभी नागरिकों को आधारभूत अधिकार संपन्न भी बनाता है। आज हम जिस मुक्त और सर्व विकासक परिवेश में जी रहे हैं वह सब हमारे संविधान की बदौलत ही है आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी संविधान में बताए कर्तव्यों का बखूबी पालन करें। उन्होंने कहा कि कर्तव्यों के निर्वहन से हम न केवल एक स्वस्थ और लोक कल्याणकारी देश और समाज का निर्माण कर पाएंगे बल्कि आजादी के शताब्दी वर्ष के पुनीत लक्ष्य विकसित भारत को भी अर्जित कर सकेंगे। प्रो ठाकुर ने विधि विद्यार्थियों, शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि संविधान दिवस पर हम सभी अनुशासन में रहने, उसी ढंग से जीवन जीने, आस-पास के परिवेश में जहां भी, जब भी, जितना भी अवसर मिले, साथियों, मित्रों को अध्ययन, समाज-सेवा की ओर प्रेरित करने को संकल्पित होना चाहिए। हमारा यह छोटा प्रयास ही एक दिन देश को समृद्ध और सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नियमित और गहन अध्ययन से ही अपने कार्य क्षेत्र में उन्नति और सफलता को प्राप्त कर सकेगा। संविधान दिवस हमें आत्मावलोकन, निरंतर कर्मरत और ठोस संकल्प से पुरुषार्थ की सीख देता है।

कार्यक्रम में विधि और बीएड पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों संजय मईडा, हीरालाल बरजोड, खुशबू शाह, ललिता डामोर, सारा दीक्षा, आयुषी और यानिक ने संविधान के महत्त्व और प्रावधानों, महत्त्व पर प्रकाश डाला वहीं बीएड कॉलेज की छात्राध्यापिकाओं ने तुम समय की रेत पर छोडते चलो निशा समूह गान की प्रस्तुति दी। गोष्ठी में निदेशक शोध प्रो अलका रस्तौगी, परीक्षा नियंत्रक प्रो मनोज पंड्या, प्रभारी सम्बद्धता डॉ नरेंद्र पानेरी, बीवीएम बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ विशाल उपाध्याय, डॉ नागेन्द्र सिंह विधि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह सहित तीनों संस्थाओं के संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों ने सहभागिता की। गोष्ठी के उपरांत जीजीटीयू कैम्पस में संभाग के सबसे पहले और भव्य संविधान पार्क में कुलपति प्रो केएस ठाकुर ने संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों को संविधान पालन की शपथ दिलाई। पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खान्दूकॉलोनी में संविधान दिवस पर प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव के मुख्य आतिथ्य, जिला शिक्षाधिकारी प्रारम्भिक शफब अंजुम की अध्यक्षता एवं जनसम्पर्क विभाग उप निदेशक कल्पना डिंडोर, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हितेष स्वर्णकार, पुनीत रावल के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

## सार-समाचार

### कार्निवाल का उद्घाटन



**उदयपुर**, (कासं)। भूपाल नोबल्स विवि की कन्या इकाई में अर्न एंड लर्न की थीम पर कार्निवाल का आयोजन बीएन कन्या इकाई के परिसर में हुआ। जहां मेलार्थियों के जोश, उमंग, मस्ती, रोमांचक खेलों और स्वादिष्ट भारतीय पारंपरिक व्यंजनों, चाटमसालों के जायके सभी को आनन्द रस से सराबोर कर रहे थे। विद्यार्थियों में मेले को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। कार्निवाल का उद्घाटन विवि के चैयरपर्सन एवं विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत, विद्या प्रचारिणी सभा के मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह, भूपाल नोबल्स संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह ने किया। प्रो कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होते हैं। इसके माध्यम से विद्यार्थी बाजार की मांग और पूर्ति जैसी अवधारणाओं को भी समझ सकने में समर्थ हो सकेंगे। वे विद्यार्थी जो मेले जैसी संकल्पनाओं से परिचित नहीं है उन्हें मेले में बिक्री संबंधी तथ्यों से परिचित हो सकेंगे। विद्यार्थी मेले का आनन्द भी ले पायेंगे। डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को व्यावसायिक कौशल के साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करते हैं। मोहब्बत सिंह ने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों में व्यावहारिक दक्षता से सक्षम बनाने के लिए कृतसंकल्प है।

### खो-खो प्रतियोगिता का आगाज

**उदयपुर,** (कासं)। मोहन लाल सुखाडिया विवि के अन्तर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत सत्र 2024-25 में विवि सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के तत्वावधान में अन्तर महाविद्यालयी खो-खो (महिला) प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह आज एम.बी. खेल परिसर में स्थित ग्राउंड पर हुआ। आयोजन सचिव डॉ. भीमराज पटेल ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विवि सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की सह अधिष्ठाता प्रो. दिग्विजय भटनागर, समारोह की अध्यक्षता डॉ. हेमराज सिंह चौधरी, सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा, विवि क्रीडा मण्डल ने की तथा विशिष्ट अतिथि मोहन मीणा, वरिष्ठ व्याख्याता, शारिरीक शिक्षा विभाग, उदयपुर व जसवन्त सिंह जैतावत थे। अन्तर महाविद्यालयी खो-खो (महिला) प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता में प्रथम दिन प्रज्ञान महाविद्यालय, आकोला, सुयश महाविद्याल, राशमी, द्रोणाचार्य महाविद्यालय, भीण्डर, विद्या भवन रूरल इंस्टीट्यूट, बडगांव, विवि सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजसमन्द ने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरे चरण में राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, सुयश महाविद्याल, राशमी, विवि सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजसमन्द ने अपने मैच जीतकर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता पर्यवेक्षक डॉ. माया चौधरी, चयन समिति सदस्य राजेश जीनगर और सभी टीमों के मैनेजर व कोच, निर्णायकगण एवं खिलाडी उपस्थित थे।

### उपजिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**उदयपुर,** (कासं)। फतेहपुरा से पूला रोड तक कई वर्षो से व्यवसायरत 20-25 ठेला व्यवसायी को उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मंगलवार से ठेला नहीं लगाने का कहने, अशोक नगर मेंन रोड पर तीन ठेला व्यवसायी को नगर निगम उदयपुर द्वारा ठेला नहीं लगाने देने,हॉस्पिटल रोड पर व्यवसायरत ठेला व्यवसायी को भी ठेला नहीं लगाने देने एवं मोहम्मद निजाम के ठेला जप्त कर उसे छोडने के लिए 600 रुपये की रसीद कटाने का कहने और हाथीपोल पर व्यवसायरत 7 ठेला व्यवसायी को एक माह पहले बैरिकेट्स लगा बेरोजगार कर देने के विरोध में और इस तरह की अवैध कार्यवाही को रोकने की मांग को लेकर ठेला व्यवसाय मजदूर यूनियन के संरक्षक एवं पूर्व पार्षद राजेश सिंघवी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उप जिला कलेक्टर गिर्वा को ज्ञापन दिया।

### लोडिंग ऑटो चालक हड़ताल पर

**उदयपुर,** (कासं)। कृषि मंडी के लोडिंग ऑटो चालकों ने कृषि मंडी परिसर में सवारी ऑटो चालकों द्वारा अवैध रूप से दुकानों से कई क्विंटल माल लोड करने के विरोध में मंगलवार से अनिश्चितकालीन हडताल शुरू की। कृषि मंडी लोडिंग ऑटो यूनियन के अध्यक्ष राजू मालवीय ने बताया कि कृषि मंडी में सवारी ऑटो चालको द्वारा दुकानों से माल लोड करना अवैध है जिसके खिलाफ जिला प्रशासन, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग एवं कृषि मंडी के सचिव को कई बार संपर्क करके और ज्ञापन देकर इस अवैध एवं गैर कानूनी कार्रवाई को रोकने की मांग की लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने से कृषि मंडी के लोडिंग ऑटो चालकों को अनिश्चितकालीन हडताल का निर्णय लेना पडा। मालवीय ने बताया कि शीघ्र ही इस बारे में प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा

# विकसित भारत बनाने में आमजन बनें भागीदार : जिला कलेक्टर

**प्रतापगढ़**, (निसं)। प्रधानमंत्री द्वारा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विकसित भारत अभियान चलाकर 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर वर्ग को अपनी भागीदारी निभानी होगी तभी इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे यह बात आज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय-डूंगरपुर की ओर से प्रतापगढ़ में स्थित अम्बेडकर भवन सभागार में विकसित भारत2047 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रतापगढ़ जिला कलेक्टर डॉ. अंजली राजोरिया ने कही।

■ जिला कलेक्टर ने संविधान की उद्देशिका पढ़कर दिया संविधान के महत्व का संदेश



विकसित भारत 2047 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ करते अतिथि।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने और उन्हे आगे बढाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन तथा आवास उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एवं विधुत सेवा उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना चलाई जा रही है। जिला कलेक्टर ने 75 वे संविधान दिवस के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज से 75 साल पहले देश को एक संविधान मिला जिसमे हर नागरिक को अधिकार प्रदान किए गए है साथ ही कर्तव्य का भी उल्लेख किया गया है। उन्होने इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना को पढकर संविधान के महत्व का संदेश दिया। इससे पहले जिला कलेक्टर डॉ अंजलि राजोरिया, नगर परिषद सभापति रामकन्या गुर्जर, केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीव राम मीना, सामाजिक न्याय अधिकारिता एवं महिला बाल विकास विभाग के सहायक निदेशक डॉ तुलसी राम आमेटा, अठाणी जिला बैंक प्रबंधक पूरन सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया एवं संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद की सभापति रामकन्या गुर्जर ने कहा कि योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए तभी हम उन योजनाओं का लाभ ले सकते है ऐसे में यह प्रदर्शनी योजनाओं की जानकारी देने के लिए उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीव राम मीना ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आम आदमी को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य का लाभ देने के लिए आयुष्मान भारत के तहत 25 लाख तक का मुफ्त ईलाज दिया जा रहा है। अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक पूरण सिंह ने अटल पेंशन, प्र प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना के बारे मे जानकारी दी। सामाजिक न्याय अधिकारिता एवं महिला बाल विकास विभाग के सहायक निदेशक डॉ तुलसी राम आमेटा ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पालनहार, कन्यादान, मुख्यमंत्री अनुप्रित निशुल्क कोचिग योजना एवं सहित अनेक विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## 'विद्यापीठ में नववर्ष में होगा संविधान कक्ष व पार्क का शुभारंभ'

**उदयपुर,** (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विवि) के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने ऐलान किया है कि विद्यापीठ में नव वर्ष पर एक भव्य 'संविधान कक्ष' और 'संविधान पार्क' का शुभारंभ किया जाएगा, जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। यह पहल नागरिकों को उनकी जिम्मेदारियों का अहसास कराने और संविधान के महत्व को रेखांकित करने के लिए की जा रही है। वे मंगलवार को 75 वें संविधान दिवस के अवसर पर्रें आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि संविधान दिवस स्वतंत्र भारत के नागरिक होने का गौरव महसूस कराने के साथ-साथ हमें संविधान में लिखित मौलिक अधिकारों की याद दिलाता है। प्रो. सारंगदेवोत ने इस अवसर पर कहा कि आम नागरिकों को संविधान में लिखित मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों को समझने की आवश्यकता है। हम संविधान में दिए गए अधिकारों को हासिल करना चाहते हैं, तो इसके लिए नागरिकों को शिक्षित और जागरूक करना होगा। संगोष्ठी में प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. हरीश चौबीसा ने किया, ,आभार प्रदर्शन डॉ. रचना ने किया। संगोष्ठी में डॉ. बलिदान जैन, डॉ. सुनिता मुर्डिया सहित कई शिक्षाविद और बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस मनाया



डॉ अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते विभिन्न दलित संगठनों के पदाधिकारी।

**राजसमंद**, (निसं)। शहर सहित जिले भर में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इसी के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान दिवस पर जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड कि अध्यक्षता एवं पूर्व जिला प्रमुख नारायण सिंह भाटी के सानिध्य में मंगलवार सुबह 10:30 बजे सघन क्षेत्र विकास समिति में विचार गोष्ठी आयोजित हुई।

जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड ने कहा कि 26 नवम्बर 2024 को भारत संविधान सभा द्वारा हमारे संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ का गौरवपूर्ण स्मरण करेगा। इसके बाद हम 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस मनायेंगे, जो 195० में हमारे देश के गणतंत्र में परिवर्तन का प्रतीक है, जब संविधान लागू हुआ था। भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर ने कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर संविधान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह सुनिश्चित किया कि यह न्याय, समानता और बंधुत्व का प्रतीक हो।

केन्द्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने तब से हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी है और देश की सामाजिक-राजनीतिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज संविधान में निहित मूल्यों और संस्थानों को भाजपा शासन के तहत अभूतपूर्व खतरों का सामना करना पड रहा है, जिससे हमारे लोकतांत्रिक आदर्शों की एकीकृत रक्षा की आवश्यकता है। संयुक्त दलित मंच एवं अखिल भारतीय भीमसेना जिला शाखा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जिला मुख्यालय पर 75वां संविधान दिवस संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को नमन एवं संविधान को बचाने की शपथ के साथ उत्साह से मनाया गया। शहर के सौ फीट रोड स्थित अम्बेडकर सर्कल पर आयोजित कार्यक्रम के प्रारम्भ में उपस्थित सदस्यों ने डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं सभी ने उनके आदर्शो को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।